**क्रोएशिया में भारतीय समुदाय के स्वागत समारोह में**

**भारत के राष्ट्रपति, श्री राम नाथ कोविन्द का सम्बोधन**

**ज़ाग्रेब, 26 मार्च, 2019**

1. आज आप सभी से मिलकर मुझे अपार खुशी हो रही है। मैं आपके द्वारा किए गए हार्दिक और गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आपको धन्यवाद देता हूं। किसी दूर देश में इतने स्नेह भरे स्वागत से भारत-क्रोएशिया के बीच के गहरे सम्बन्धों और मैत्री का पता चलता है। आपके द्वारा आत्मसात् भारतीय संस्कृति और इसके बारे में आपकी इसकी समझ से हम वास्तव में बहुत प्रभावित हैं। कल जब मैं होटल पहुंचा, तो वहां मेरा स्वागत 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के जयकारों के साथ किया गया। यह मेरे लिए बहुत सुखद आश्चर्य था। उन क्षणों में, मुझे ऐसा प्रतीत हुआ जैसे मैं क्रोएशिया में नहीं, बल्कि भारत के ही किसी हिस्से में हूं।

2. भारत-क्रोएशिया संबंधों की दृष्टि से आज का दिवस एक ऐतिहासिक दिवस है। भारत की ओर से आपके इस सुन्दर देश की पहली राजकीय यात्रा पर आना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं क्रोएशिया सरकार को उनके द्वारा किये गए गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं। आज क्रोएशिया के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ मेरी बहुत महत्वपूर्ण और सार्थक चर्चा हुई। हमने खेल और पर्यटन तथा संस्कृत और हिंदी को प्रोत्साहन दिए जाने संबंधी प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए। हमारे दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ ठोस और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए भी सहमत हुए।

3. वास्तव में मैं एक ऐसे देश में आकर बहुत प्रसन्न हूं, जिसके भारत के साथ सदियों से मधुर संबंध रहे हैं। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर 1926 में यहाँ आए थे, और यहाँ कई क्रोएशियाई कवि और लेखक उनसे प्रभावित हुए। ज़ाग्रेब विश्वविद्यालय के इंडोलॉजी विभाग ने क्रोएशिया में भारतीय भाषाओं, दर्शन, इतिहास और संस्कृति के अध्ययन और संवर्धन में उत्कृष्ट योगदान दिया है। मैं यह जानकर बहुत प्रभावित हुआ हूं कि यहाँ वेदों और पुराणों पर सम्मेलनों का नियमित रूप से आयोजन किया जाता है। कल विश्वविद्यालय में अपने कार्यक्रम की मुझे उत्सुकता से प्रतीक्षा है।

मेरे प्यारे भारतीय साथियो,

4. मेरे लिए, विदेश में अपने भाइयों बहनों से मिलना एक बहुत ही खास एहसास होता है। कुछ दिन पहले, भारत में होली का त्योहार मनाया गया। और वह त्योहार मनाते हुए, हमने न केवल भारत में बल्कि दुनिया के कोने-कोने में रह रहे अपने सभी परिजनों और दोस्तों को याद किया। और इसी क्रम में हमने आपको भी याद किया! आपने भी होली में रंग-गुलाल खेलकर यह पर्व मनाया होगा और भारत और अन्य जगहों पर रहने वाले अपने निकट सम्बन्धियों और प्रियजनों को शुभकामनाएं दी होंगी। क्रोएशिया आप में से कई लोगों के लिए अपना घर बन गया है, और कुछ अन्य लोगों के लिए यह अभी भी अपने घर से दूर एक दूसरा घर है। आप में से बहुत से लोग लम्बे समय से इस खूबसूरत देश के निवासी हैं, जबकि कुछ अन्य अभी हाल ही में यहाँ आए होंगे। आप में से कई लोगों ने अपनी भारतीय राष्ट्रीयता बनाए रखी होगी जबकि कुछ अन्य लोगों के पास अब प्रवासी भारतीय नागरिकता होगी। मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई कि अलग-अलग पृष्ठभूमि

से आने के बावजूद, भारतीय समुदाय को क्रोएशिया में स्वागतपूर्वक अपनाया गया है, और क्रोएशिया के विकास में आप अपने तरीके से योगदान दे रहे हैं। फिर भी, भारतीय समुदाय के आप सभी सदस्यों ने भारतीयता और भारतीय मूल्यों एवं परंपराओं को अपने दिलों में संजोकर रखा है। आप लोग अपनी समृद्ध और वे अपनी समृद्ध विविधता, सांस्कृतिक विरासत तथा परंपराओं के संदर्भ में भारत के एक सच्चे प्रतिबिंब हैं।

5. आपकी उपलब्धियों से हमें अपार ख़ुशी होती है और हम आपकी और अधिक सफलता की कामना करते हैं। आप लोग एक ऐसे प्रिज़्म की भूमिका में हैं जिसके माध्यम से क्रोएशियाई लोग भारत का मूल्यांकन करते हैं, और क्रोएशिया में आपकी सफलता से इस देश में भारत की सकारात्मक छवि में योगदान मिला है। मैं क्रोएशिया के मैत्रीपूर्ण लोगों का आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने अपने घरों में, और अपने सामाजिक कार्यकलापों में उदारतापूर्वक और खुले दिल से आपका स्वागत किया है।

6. मैं इस सभा में बड़ी संख्या में उपस्थित 'फ्रेंड्स ऑफ इंडिया' को देखकर विशेष रूप से प्रसन्न हूं। आपने वास्तव में इस आयोजन को यादगार बना दिया है। भारत के प्रति, हमारे रीति-रिवाजों, हमारी मान्यताओं और हमारे जीवन जीने के तरीके के प्रति आपके लगाव और प्यार से हम वास्तव में अभिभूत हैं। आपमें से प्रत्येक ने और आपकी संस्थाओं ने भारत और क्रोएशिया के बीच जुड़ाव और समझ बढ़ाने में जो भूमिका निभाई है, वह सही मायने में सराहनीय है। हम सांस्कृतिक संस्थाओं, नृत्य और योग विद्यालयों, आयुर्वेद क्लीनिकों और भारतीय स्टोर तथा रेस्तरां का विशाल नेटवर्क बनाने के आपके प्रयासों की सराहना करते हैं। इन सभी के माध्यम से पूरे क्रोएशिया में और यहाँ के सभी आयु समूहों में भारत की लोकप्रियता बढ़ी है। पिछले वर्ष क्रोएशिया के 37 शहरों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने

से हम सभी वास्तव में बहुत प्रभावित हुए। मुझे जानकारी है कि क्रोएशिया में पिछले महीने 'भारत महोत्सव' शुरू किया गया था। इसके माध्यम से क्रोएशियाई लोगों को भारत के विभिन्न पहलुओं पक्षों के बारे में जानकारी मिलेगी।

देवियो और सज्जनो,

7. हम अपने प्रवासियों और उनकी भलाई को सबसे अधिक महत्व देते हैं। हाल के वर्षों में, हमने आपके साथ अपने संपर्क को मजबूत करने और आपको भारत के और करीब लाने के लिए कई पहलें की हैं। अधिक से अधिक लोगों तक लाभ पहुँचाने के लिए, हमारी 'ओसीआई कार्ड योजना' को अधिक लचीला बनाया गया है। आपके मुद्दों के समाधान के लिए हमारे दूतावास अधिक सक्रिय हुए हैं। आपकी चिंताओं के बारे में जानने-समझने के लिए हम प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं। हम कोंसुलर सम्बन्धी सेवाओं को और अधिक कुशल बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। विदेश में भारतीय के रूप में रहते हुए, आपको गर्व महसूस होना चाहिए और पूरी तरह आश्वस्त रहना चाहिए कि जरूरत के समय भारत हमेशा आपके साथ खड़ा रहेगा। पिछले पांच वर्षों में हमने 90,000 से अधिक भारतीयों को संघर्ष, हिंसा और प्राकृतिक आपदाओं से बचाया है।

देवियो और सज्जनो,

8. पिछले साल क्रोएशिया की फुटबॉल में सफलता और इस देश की अद्भुत सुंदरता ने भारत में क्रोएशिया की छवि को काफ़ी निखारा है। विशेष रूप से आर्थिक पक्ष पर, हम अपने संबंधों को, बेहतर करने के इच्छुक हैं। दोनों पक्षों द्वारा किए गए निवेश के साथ अच्छी नींव पहले ही पड़ गई है। मेरे साथ

आया भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल कल अपने समकक्ष क्रोएशियाई कंपनियों के साथ उपयोगी वार्ता के प्रति आशान्वित है। हमारे बीच व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग को मजबूत होने की पूरी सामर्थ्य मौजूद है। सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाने के लिए आपका समर्थन अमूल्य होगा।

9. आज भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास का एक महत्वपूर्ण इंजन है। मजबूत आर्थिक संकेतकों के साथ यह सर्वाधिक तेजी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था है। देश में नई गतिशीलता का संचार हुआ है। इसलिए, मैं आपको भारत आकर यहाँ हो रहे परिवर्तनकारी बदलावों का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहता हूं। हमारे विश्व स्तर पर जुड़े, तकनीकी रूप से निपुण और उद्यमशीलता से प्रेरित युवा इस परिवर्तन की बयार में अग्रपंक्ति में हैं। उन सबके उद्यम को देखते हुए इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत आने वाले लंबे समय तक वैश्विक आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

10. क्रोएशिया आपसी हितों के लिए भारत में इन अवसरों का लाभ उठा सकता है। 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया' और 'स्टार्ट-अप इंडिया' जैसे हमारे राष्ट्रीय कार्यक्रमों से नई व्यावसायिक संभावनाएं पैदा हुई हैं। मैं चाहूंगा कि आप सभी इस तरह की जानकारी का प्रसार करें और अधिक से अधिक व्यापारिक संबंधों को प्रोत्साहित करें।

11. भारत की निष्ठा प्रतीक रूप लोकतंत्र, बहुलवाद और शांति के जीवन मूल्यों और इसकी आर्थिक विकास गाथा ने मिलकर भारत को एक शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया है। भारत वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजने और सभी के साथ दोस्ती का हाथ बढ़ाने के लिए हर एक के साथ मिलकर काम

करने हेतु तत्पर है। तीन नदियों, गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के मिलन स्थल, पवित्र संगम में आनंदविभोर कर देने वाली डुबकी लगाने के लिए इस वर्ष कुंभ मेले का अनूठा और अद्भुत आयोजन किया गया जिससे भारतीय संस्कृति की वैश्विक पहुंच की मिसाल कायम हुई। दुनिया के कोने-कोने से आए 25 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री यहाँ आकर इसकी आध्यात्मिकता में निमग्न हो गए।

देवियो और सज्जनो,

12. मानवता की भलाई को पुष्ट करने के लिए शांति और सुरक्षा महत्वपूर्ण हैं। आतंकवाद के विरुद्ध दृढ़तापूर्वक समर्थन के लिए हम क्रोएशिया सरकार के प्रति अत्यंत आभारी हैं। आतंकवादियों को शरण देने और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दुनिया को निर्णायक कार्रवाई करने की आवश्यकता है। जहाँ तक भारत का सम्बन्ध है, हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि हम अपनी सुरक्षा के लिए, और अपने बचाव के लिए सभी आवश्यक उपाय करेंगे, ताकि हम अपने लोगों के कल्याण के लिए काम कर सकें।

देवियो और सज्जनो,

13. इस वर्ष हम महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मना रहे हैं। इसी वर्ष सिखों के प्रथम गुरु, गुरु नानक देव जी की 550वीं जयंती भी है। हम क्रोएशिया सहित दुनिया भर में ये पर्व मनाएंगे। आज, मैंने क्रोएशिया सरकार को उपहारस्वरुप महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा भेंट करने की घोषणा की है।

हमें 2 अक्टूबर, 2019 को यहां इसके अनावरण की आशा है। इन समारोहों को सफल बनाने में हमें आपके उत्साह और समर्थन की उम्मीद है।

14. भारत और क्रोएशिया के बीच के संबंधों का भविष्य मुझे अच्छा नज़र आता है। मुझे यकीन है कि हमारे दोनों देशों और हमारे लोगों के बीच के संबंधों को मजबूत करने के लिए आप निरंतर सार्थक योगदान देते रहेंगे। आपसे मिलकर मुझे वास्तव में बहुत खुशी हुई है। और, मैं आप सभी को, आप जब भी दिल्ली आएं तो आमंत्रित करता हूं कि राष्ट्रपति भवन अवश्य आएं। भले ही यह मेरा आधिकारिक निवास स्थान हो, लेकिन यह एक स्मारक भी है जो आप सभी के लिए है।

धन्यवाद!